# आरसीएस-उड़ान योजना में यूपी बना सबसे सक्रिय राज्य

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश को रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम (आरसीएस-उड़ान) के तहत मोस्ट प्रोएक्टिव स्टेट का राष्ट्रीय पुरस्कार मिला है। यह सम्मान नॉन-प्रायोरिटी एरिया श्रेणी में दिया गया है, जिसमें वे राज्य आते हैं जो न तो पहाड़ी हैं और न ही उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में स्थित हैं। यह पुरस्कार प्रदेश की प्रभावी विमानन नीति और तेजी से बढ़ती हवाई कनेक्टिविटी के लिए दिया गया है।

प्रदेश सरकार ने हवाई अड्डों के आधुनिकीकरण, नए रनवे, नाइट लैंडिंग सुविधा और क्षेत्रीय उड़ानों को बढ़ावा देकर छोटे शहरों को बड़े महानगरों से जोड़ा है। इसका सीधा लाभ आम यात्रियों को मिला है। नागरिक उड्डयन निदेशक ईशान प्रताप सिंह के अनुसार, वर्ष

## सरकार की विमानन नीति को मिला राष्ट्रीय सम्मान

## नॉन-प्रायोरिटी एरिया श्रेणी में यूपी देश में अव्वल

2016 में यूपी में करीब 60 लाख हवाई यात्री थे, जो 2024 में बढ़कर 1.28 करोड़ से ज्यादा हो गए। वर्ष 2025 तक यह संख्या 1.55 करोड़ से अधिक पहुंचने का अनुमान है।

घरेलू उड़ानों में सबसे ज्यादा वृद्धि दर्ज की गई है। वहीं अंतरराष्ट्रीय यात्रियों की संख्या में भी लगातार इजाफा हो रहा है। इसके साथ ही एयर कार्गो के क्षेत्र में भी उत्तर प्रदेश ने बड़ी छलांग लगाई है। 2016 में जहां एयर कार्गो 5,895 मीट्रिक टन था, वहीं 2025 में यह करीब 30 हजार मीट्रिक टन तक पहुंच गया।